मेरा छोटा सा संसार साई आ

मेरा छोटा सा संसार साई आ जाओ इक बार,
विनती करलो स्वीकार साई आ जाओ इक बार,

बिन बतलाये सुन लेते हो,बिन मांगे ही दे देते हो,
क्यों देर लगी इस बार साई आ जाओ इक वार
मेरा छोटा सा संसार साई आ जाओ इक बार

दर्शन की आस लिए हु मैं जन्मो की प्यास लिए हु मैं,
देदो मोहे चरण करार साई आ जाओ इक वार
मेरा छोटा सा संसार साई आ जाओ इक बार

गुण अवगुण का मत ध्यान करो दु:ख का मेरे समाधान करो,
हर लो मेरे कष्ट निकार साई आ जाओ इक वार
मेरा छोटा सा संसार साई आ जाओ इक बार

तूने सब कुछ हम को बक्शा हर ली जीवन की हर चिंता,
हर सवपन किया साकार साई आ जाओ इक वार
मेरा छोटा सा संसार साई आ जाओ इक बार

साहिल मुझपर किरपा करने मन की खली झोली भरने,
आना है तुम्हे सरकार साई आ जाओ इक वार

मेरा छोटा सा संसार साई आ जाओ इक बार

Source: https://www.bharattemples.com/mera-chota-sa-sansar-sai-aa-jaao-ek-baar/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw